# सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंटआई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

| कक्षा:-6 | विषय:हिन्दी | पाठः अकेली |
|---|---|---|

1. सही विकल्प पर (√) लगाइए

1. सोमा बुआ के पति साल में कितने दिनों के लिए उनके पास आकर रहते थे?

(ख) दस दिन के लिए

2. सोमा बुआ की ज़िंदगी किसके सहारे व्यतीत हो

रही थी?

(ख) उनके पड़ोसियों के सहारे

3. संन्यासी महाराज जी को क्या पसंद नहीं था?

(क) बिना बुलाए किसी समारोह में जाना

4. सोमा बुआ के देवर के संबंधियों के घर विवाह का मुहूर्त कितने बजे का था?

(ख) छह बजे का

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. सोमा बुआ अकेली क्यों हो गई थीं?

उत्तरः सोमा बुआ का इकलौता पुत्र मर चुका था और उनके पति संन्यासी बन गए थे। इसलिए वे अकेली रह गई थीं।

2. संन्यासी जी महाराज का स्वभाव कैसा था?

उत्तरः संन्यासी जी महाराज सरल, धार्मिक, अनुशासनप्रिय और बिना बुलाए किसी समारोह में जाना पसंद नहीं करते थे।

3. संन्यासी जी के आने पर सोमा बुआ की जीभ अधिक सक्रिय क्यों हो जाती थी?

उत्तरः क्योंकि वे पूरे वर्ष अकेली रहती थीं। संन्यासी जी के आने पर उन्हें अपने मन की बातें करने और सुख-दुख बाँटने का अवसर मिल जाता था, इसलिए वे अधिक बोलने लगती थीं।

4. सोमा बुआ ने अपने मृत पुत्र की एकमात्र निशानी को बेचने का निर्णय क्यों लिया?

उत्तरः देवर के संबंधियों के घर विवाह में सम्मानपूर्वक जाने और उपहार देने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। इसलिए उन्होंने अपने मृत पुत्र की एकमात्र निशानी बेचने का निर्णय लिया।